www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

अक्टूबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 मंगलवार 31.10.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।

himalayanupdate@gmail.com

राज्यपाल ने की मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की अध्यक्षता

शिमला/हिमालयन अपडेट

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को राज भवन में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र तथा भारतीय तिब्बत सीमा बल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों तथा आईटीबीपी के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जननी व जन्मभूमि की महता स्वर्ग से भी बढकर है। भारत शूरवीरों की धरती है, जहां के हर प्रांत में स्वतंत्रता सेनानी व सेना के जवान हैं, जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर कार्यान्वित किए गए इस कार्यक्रम से व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित हुई है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच व देश प्रेम की भावना से किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम नई युवा पीढ़ी में देश भक्ति व देश सेवा की भावना को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत आरम्भ किया गया

है। राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ष्मेरी माटी मेरा देशष अभियान गांवों व कस्बों के गुमनाम नायकों व शूरवीरों की स्मृतियों को संजोए रखने के लिए शुरू किया है। इस अभियान से स्वतंत्रता संग्राम में जान न्यौछावर करने वाले ऐसे अनेक शहीदों का योगदान सामने आया है जिनका नाम उनके गांव वालों ने भी भूला दिया था। देश भर में शहीदों के परिवारों को सम्मानित कर सम्बन्धित गांव में शहीदों के नाम शिलाफलकम पर लिखे गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत युवा स्वयंसेवकों ने अपने गांव और शहीदों के घर से एक चुटकी मिट्टी व पौधे एकत्रित किए हैं। देश भर से मिट्टी के 7500 कलशों में लाई गई मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। पौधों को शहीद वाटिका में लगाया जाएगा ताकि आने वाली पीढियों को राष्ट्र सेवा में शहीदों के बलिदान से अवगत करवाया जा सके।

अहं ब्रह्मास्मि-नव उद्घोष' के तत्वावधान में शानदार कार्यक्रम का आयोजन

गुरुग्राम/हिमालयन अपडेट

नव सृजित संस्था 'अहम् ब्रह्मास्मि-नव उद्घोष' के तत्वावधान में एम जी रोड गुरुग्राम स्थित 'मालाबार गोल्ड' के बेसमेंट हॉल में 'काव्यार्चन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ।

सर्वप्रथम माँ शारदे के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ कवि त्रिलोक कौशिक के द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति हुई।

उसके बाद संस्थापिका दीपशिखा श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई।

संस्था के मीडिया पार्टनर रूप में हिमालयन अपडेट न्यूज ने अपनी सहभागिता दर्ज की!

जहाँ कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन संस्था की संस्थापिका दीपशिखा श्रीवास्तव 'दीप' द्वारा किया गया वहीं कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग मास्टर द्विज

श्रीवास्तव के द्वारा अत्यंत कुशलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली व गुरुग्राम से आए हुए अनेक साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

संस्था की संस्थापिका दीपशिखा श्रीवास्तव तथा संरक्षक नीरज श्रीवास्तव ने वहां उपस्थित सभी साहित्यकारों को माला पहना कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रायोजक रहे मालाबार गोल्ड व डायमंड के स्टाफ ने कार्यक्रम के आयोजन का पूरा कार्यभार संभाला। उनके पूर्ण सहयोग के लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं।

कार्यक्रम में त्रिलोक कौशिक, विनय कुमार, वीणा अग्रवाल, सुनीता बंसल, भगवत प्रसाद बंसल, सीमा सिन्हा मैत्री, अंजू सिंह, ज्योत्स्ना कलकल, बिमलेन्दु सागर, सविता इंद्र गुप्ता, इंद्रदेव गुप्ता, परिणीता सिन्हा, कृष्ण गोपाल सोलंकी, रीता अग्रवाल, आभा कुलश्रेष्ठ, स्मिता मिश्रा, एस. सी. अग्रवाल, संयोगिता यादव, मीना चौधरी, मोनिका शर्मा, सरिता गुप्ता, रेनू मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, कुमार मोनू राघव तथा राजवीर आदि सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

संस्था के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था की राष्ट्रीय संयोजक अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वहाँ उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट जलपान के द्वारा हुआ।

पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक तथा आतिशबाजी रखने एवं विक्रय हेतु अस्थाई बूथ बनाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी

शिमला/हिमालयन अपडेट

उप-मुख्य विस्फ ोटक नियंत्रक, चंडीगढ़ से प्राप्त भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिला शिमला में दीपावली के दौरान पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक तथा आतिशबाजी रखने एवं विक्रय हेतु अस्थाई बूथ बनाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किये गए हैं ताकि आतिशबाजी परिसर में किसी भी दुर्घटना या अन्य अप्रिय घटना को रोका जा सके।निर्देशानुसार आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के लिए जिला मजिस्ट्रेट किसी अस्थायी दुकान में आतिशबाजी रखने और विक्रय के लिए अस्थायी अनुज्ञप्तियाँ जारी कर सकते है। आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शेड में रखे जाएंगे जो इस प्रकार से बंद और सुरक्षित होगा, जिससे कि अप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें

पहुंच को निवारित किया जा सके। आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के शेड एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्य से पचास मीटर की दूरी पर होंगे। शेड एक दूसरे के आमने सामने नहीं होंगे। शेड में या शेडों की सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लैंपों, गैस लैंपों या खुली बत्तियों का उपयोग नहीं किया जाएगा। विद्युत बत्तियाँ यदि उपयोग की जाती है तो दीवार पर या छत पर फि क्स किए जाएंगे। कुछ देशों से आने वाली आतिशबाजी में संवेदनशील रासायनिक पदार्थ होते हैं जिनकी भारतीय कानून के तहत अनुमति नहीं है और यह भारतीय नॉइज लेवल मानकों का भी पालन नहीं करते हैं। लाइसेंस प्राप्त आतिशबाजी की दुकानों को दुकान में रखने और बिक्री के लिए किसी लाइसेंस प्राप्त कारखाने या कंपनी से अधिकृत आतिशबाजी खरीदने की अनुमति है। आयातित आतिशबाजी बेचते पाए जाने वाले लाइसेंस धारकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक दुकान के स्विचों को दीवारों पर दृढ़ रूप से फि क्स किया जाएगा। प्रत्येक दुकान के इलेक्ट्रिक स्विचों को एक मुख्य कंट्रोल स्विच के साथ जोडने की व्यवस्था की जाए, जिससे कि आपात स्थिति में या दुर्घटना की स्थिति में मुख्य कंट्रोल स्विच को बंद करने पर उस जगह में स्थित सभी दुकानों की लाईन तुरंत बंद हो एवं दुर्घटना को रोका जा सके। आतिशबाजी की किसी शेड के पचास मीटर के भीतर प्रदर्शन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। एक समूह में पचास से अधिक दुकान अनुज्ञात नहीं की जाएंगी।

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष, एसजेवीएन ने कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

शिमला/हिमालयन अपडेट

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गीता कपूर, निदेशक कार्मिक, अखिलेश्वर सिंह, निदेशक वित्त और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। नन्द लाल शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने से व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षेत्र में नैतिकता एवं पारदर्शिता की आवश्यकता के संबंध में कर्मचारियों तथा जनसमूह के मध्य अधिक संवेदनशीलता उत्पन्न करने में सहायता मिलती है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की थीम है भ्रष्टाचार का विरोध करेंय राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। शर्मा ने सभी को भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में सहभागी सतर्कता

पहलों का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। देश भर में एसजेवीएन के विभिन्न कार्यालयों और परियोजनाओं में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ भी दिलाई गई। एसजेवीएन निवारक सतर्कता उपायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए तीन माह के लंबे जागरूकता अभियान 16 अगस्त से 15 नवंबर, 2023 में हिस्सा ले रहा है। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, एसजेवीएन की सभी परियोजनाओं और कार्यालयों में कर्मचारियों, छात्रों और स्थानीय जनसमूह के लिए प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं जैसी कई इनहाऊस एवं आउटरीच गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य राष्ट्र के विकास के लिए जागरूकता उत्पन्न करना और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश प्रसारित करना है।

पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में 200 से ज्यादा पदक जीतने पर स्पेशल ओलंपिक के खिलाड़ियों हुई तारीफ

बिलासपुर/हिमालयन अपडेट

स्पेशल ओलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारणी का गठन रविवार को हुआ। इस कार्यकारिणी का गठन जिला बिलासपुर के विजयपुर में चेतना संस्था के भवन में किया गया। इसमे अध्यक्ष डॉ. मलिका नड्डा को चुना गया। वही बता दें इस अवसर पर सभी जिलों से पदाधिकारी पहुँचे हुए थे। सभी ने इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना, कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दवारा भी स्पेशल ओलंपिक का जिक्र किया गया, प्रधानमंत्री दवारा इन खिलाडि?ों के जज्बे की तारीफ की गई। इसके बाद राज्य कार्यकारणी का गठन चुनावो के माध्यम से किया गया। रिटर्निंग अधिकारी चमन ठाकुर ने बताया कि इसमे अध्यक्ष मलिका नड्डा को चुना गया व उपाध्यक्ष रशिम सूद, कश्मीर सिंह ठाकुर,परीक्षत मेहड्डूडीआ को एरिया डायरेक्टर, सुनील को सोपर्ट्स एक्सपर्ट एवं अन्य पदाधिकारी विभिन्न पदों के लिए चुने गए जिसमें डॉ. सीएल सँख्यान, संजीव गुप्ता, रोहित चुने गए। वहीं इस अवसर पर अध्यक्ष मलिका नड्डा ने स्पेशल ओलंपिक के बारे बताया कि कैसे स्पेशल खिलाडि?ों दौरा 200 से ज्यादा पदक जीते गए। इस बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।वही उन्होंने बताया कि एक लाख स्पेशल खिलाड़ियों को डिजिटल पंजीकरण कर गिनीज बुक में रिकार्ड बनाया।

बल्क ड्रग पार्क से संबंधित विकास कार्य में तेजी लाएं अधिकारी: राम सुभग सिंह

ऊना/हिमालयन अपडेट

बल्क ड्रग पार्क से संबंधित सभी विकास परियोजनाओं में संबंधित विभागीय अधिकारी तीव्रता लाएं तथा निर्धारित समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना को अति शीघ्र पूरा किया जा सके। यह निर्देश मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार रामसुभग सिंह ने जिला मुख्यालय ऊना में जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दिए। राम सुभग ने बल्क ड्रग पार्क के लिए निमार्णाधीन पेयजल योजनाओं, सडक निर्माण कार्यों तथा विद्युत आपूर्ति के बारे में विशेष रूप से चर्चा की तथा संबंधित विभागीय

अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला में बनने वाले लठियानी-मंदली पुल के अलावा शिक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित परियोजनाओं बारे भी विस्तृत चर्चा की गई। इससे पूर्व उन्होंने पेखुबेला में बनने वाले सोलर पावर प्रोजेक्ट स्थल का भी दौरा किया तथा एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों से परियोजना से संबंधित विभिन्न पहलुओं बारे विस्तृत चर्चा की। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ऊना राघव शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक शिवम प्रताप सिंह व सहायक महाप्रबंधक विवेक वर्मा, एसडीम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीम अंब विवेक महाजन, एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार के अलावा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अनिल सहगल, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश कुमार धीमान लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जीएस राणा सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

वॉलीबॉल में हिमाचल का सिरमौर बनी सिरमौर की बेटियां

नाहन/हिमालयन अपडेट

पांवटा साहिब के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 26 अक्टूबर से चल रहे राज्य स्तरीय अंडर-14 गर्ल्स टूनार्मेंट का आज समापन हुआ। इस अवसर पर उद्योगपति अरुण गोयल ने विजेता खिलाड़ी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वह कन्या स्कूल को एडॉप्ट करेंगे। साथ ही उन्होंने खेल प्रेमियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य को कामना की। यह आयोजन 26 अक्टूबर से लेकर रविवार 29 अक्टूबर तक किया गया जिसमें 12 जिलों की 492 खिलाडि?ों ने भाग लिया। समापन समारोह में तिरुपति ग्रुप के निदेशक अरुण गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि तथा गेस्ट ऑफ ऑनर रेणुका प्रिंटर्स के एमडी जगदीश तोमर ने विजेता और उपविजेता टीमों को इनाम देकर सम्मानित करेंगे।

अमृत कलश लेकर ऊना से दिल्ली रवाना हुआ 250 प्रतिनिधियों का दल

ऊना/हिमालयन अपडेट

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र के ऊना और कांगड़ा के 250 प्रतिनिधियों का दल अमृत कलश लेकर रविवार देर रात दिल्ली के लिए रवाना हुआ। ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रतिनिधियों के इस दल को सर्किट हाउस ऊना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऊना और कांगड़ा जिलों के यह सभी प्रतिनिधि दिल्ली में अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव मेमोरियल की आधारशिला के मौके पर आयोजित होने वाले

कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और कांगड़ा और ऊना जिला के विभिन्न गांवों से एकत्रित की गई मिट्टी भी दिल्ली पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के उपनिदेशक लाल सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। ऊना से रवाना हुए सभी प्रतिभागी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले भव्य समारोह का हिस्सा बनेंगे। इस अवसर पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि पिछले कई दिनों से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिटटी एकत्रित की गई है और इसी माटी को आज दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। सत्ती ने कहा कि दिल्ली में बनने वाली अमृत वाटिका में देशभर के विभिन्न कोनों से एकत्रित की गई मिटटी लगेग, जिससे एक भारत श्रेष्ट भारत की झलक देखने को मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जय देव खट्टा, महेश मेहता, सतीश राणा, अविनाश मेनन, नेहा ठाकुर, कंचन रायजादा, आकाश पूरी, शिव वत्स, आकाश भारद्वाज, अश्वनी धीमान, मनोज शर्मा, विजय भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित रहे।